Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 26-04-2002
Participants : Roy Shri Subodh ,Patil Shri Shivraj V.

Title: Demand to trace the Squadran Leader Shri T.K. Khan and others in the missing flight of MIG-29 from 20.4.2002.

श्री सुबोध राय (भागलपुर) : महोदय, मैं असम तेजपुर के स्क्वैड्रन लीडर टी.जे.खान एक अन्य जवान के साथ (मिग) एम.आई.जी-29 की एक उड़ान भरते हुए 20-04-2002 से लापता हैं। अभी तक उनका कोई अता-पता नहीं है। रक्षा विभाग की ओर से एक सप्ताह बाद भी उनकी खोज के लिए और उनके विमान की खोज के लिए कोई गंभीर प्रयास नही किये जा रहे हैं। अभी तक श्री खान का पता नहीं है। दो-दो जवान गायब हैं, एयरक्राफ्ट गायब है और इस संबंध में परिवार के लोगों को भी कोई जानकारी नही दी जा रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहता हूं कि श्री खान की खोज के लिए कौन से गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं और इसके बारे में पूरी सूचना कब तक यह सरकार सदन को और उनके परिवार वालों को उपलब्ध कराएगी?

श्री शिवराज वी.पाटील (लातूर) : यह बहुत ही अहम विाय उठाया है और हम सरकार से अपेक्षा करेंगे कि इसके संबंध में जो जानकारी है, वह सदन के सामने रखेगी।